# Genus Paper & Boards Ltd

(A Kailash Group Company)

CIN No : L21098UP2012PLC048300 PAN NO-AAECG5483A

Genus energizing lives

**August 29, 2018**

| | |
|---|---|
| **BSE Limited**<br>(Corporate Relationship Department),<br>1st Floor, P.J. Towers,<br>Dalal Street, Fort,<br>Mumbai – 400001<br><br>Fax No.: 022-22723719 / 22723121 / 22722039<br>E-mail: corp.compliance@bseindia.com<br><br>Scrip Code : 538961 | **National Stock Exchange of India Ltd.**<br>(Listing & Corporate Communications),<br>Exchange Plaza, Plot no. C/1, G Block,<br>Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),<br>Mumbai - 400 051.<br><br>Fax No: (022) 26598237 / 38<br>E-mail: cc_nse@nse.co.in<br><br>Symbol : GENUSPAPER |

Dear Sir(s),

**Re: A copy of public notice advertised in Newspapers**

Pursuant to Regulation 30 read with Part A of Schedule III of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclose herewith a copy of public notice advertised in the newspapers with regard to completion of dispatch/emailing of Notice of the 7th Annual General Meeting (AGM) along with the Annual Report for the financial year 2017-18 and E-voting Schedule and Closure of Register of Members & Share Transfer Books for the purpose of the said AGM.

You are requested to take the aforesaid on record and oblige.

Thanking you,

Yours truly

For **Genus Paper & Boards Limited**

**Anuj Ahluwalia**

**Company Secretary**

Genus Paper & Boards Limited Moradabad

**Encl: A/a**

## सार समाचार

विश्व समाचार / कूटनीति

### इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत में भूकंप के झटके


**सिंगापुर, रायटर।** इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये। अमेरिका के भूगर्भ सर्वेक्षण ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.4 आंकी गयी। भूकंप से तत्काल जानमाल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है। भूकंप का केन्द्र पूर्वी नूसा तेंगगारा प्रांत की राजधानी कुपंग से दक्षिण-पूर्व 100 किलोमीटर जमीन की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### हूती ठिकानों पर हवाई हमले

**काहिरा, रायटर।** यमन की राजधानी सना में हूती विद्रोहियों के ठिकानों अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और अल देल्मी में हवाई हमले किये जा रहे हैं। यमन की सैन्य वेबसाइट ने सोमवार को यह जानकारी दी। हूती के अल मसिराह टीवी ने कहा है कि सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन ने हवाई अड्डे और हवाई ठिकानों पर सिलसिलेवार हमले किये हैं।

### टर्नबुल संसद से इस्तीफा देंगे

**कैनबरा, वार्ता।** आस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री मैल्कम टर्नबुल ने कहा है कि वह संसद की सदस्यता से शुक्रवार को इस्तीफा दे देंगे। बीबीसी ने स्थानीय मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए मंगलवार को बताया कि श्री टर्नबुल ने पार्टी के विरोधी गुट की ओर से प्रधानमंत्री पद से हटाये जाने के बाद संसद की सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा की है। श्री टर्नबुल के स्थान पर श्री स्कॉट मोरिसन को पिछले सप्ताह चुना गया था। श्री टर्नबुल ने कहा कि हाल की घटनाओं से आस्ट्रेलिया के लोग अचंभित हैं। श्री टर्नबुल के इस्तीफे से खाली हुई सीट पर उप चुनाव कराना पड़ेगा जिससे श्री मोरिसन को संसद में हासिल बहुमत खतरे में पड़ सकता है।



# हिंद महासागर क्षेत्र में शांति का आह्वान

## सुषमा स्वराज ने कहा, हिन्द महासागर में शांति और स्थिरता बनाए रखना भारतीय विदेशी नीति की प्राथमिकता।




**हनोई ■ वार्ता**

विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने कहा है कि आर्थिक समृद्धि तथा समुद्री सुरक्षा दोनों काफी महत्वपूर्ण है और सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में गैर पारंपरिक तथा नई उभरती चुनौतियों का मिलकर सामना करना है। श्रीमती स्वराज ने वियतनाम की राजधानी हनोई में तीसरे हिंद महासागर सम्मेलन को संबोधित करते हुए सोमवार को कहा, 'हम समुद्री शांति तथा स्थायित्व के बिना हिंद महासागर के संसाधनों का लाभ नहीं ले सकते हैं। आर्थिक समृद्धि तथा समुद्री सुरक्षा जरूरी है। सुरक्षा एक सर्वव्यापी अवधारणा है जिसमें पारंपरिक, गैर पारंपरिक तथा इस क्षेत्र में उभरे नये खतरे शामिल हैं।'

उन्होंने इस संदर्भ में समुद्री आतंकवाद, तस्करी, अंतरराष्ट्रीय अपराधों, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध प्रवास, समुद्री क्षेत्र में डकैती, समुद्री क्षेत्र में अनियमित निजी सुरक्षा कंपनियों की भरमार और संवेदनशील वस्तुओं के प्रसार का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ₹यह स्पष्ट है कि जो लोग इस क्षेत्र में रहते हैं उनकी हिंद महासागर में शांति, स्थिरता और समृद्धि की प्राथमिक जिम्मेदारी हैं। यह सर्वमान्य है कि केवल सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही इस क्षेत्र की चुनौतियों से हम निपट सकते हैं। इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता के माहौल को बढ़ाना हमारी विदेश नीति की एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। हमारा मानना है कि विविधताओं के बावजूद हम जिन चुनौतियों का सामना करते हैं, वे काफी समान हैं। इस क्षेत्र के लिए हमारी दृष्टि सहयोग और सामूहिक कार्रवाई की है।₹ उल्लेखनीय है कि श्रीमती स्वराज वियतनाम तथा कंबोडिया के साथ सामरिक सहयोग को प्रगाढ़ करने के उदेश्य को लेकर दोनों देशों के चार दिवसीय दौरे पर हैं और वह पहले चरण में वियतनाम पहुंची हैं।

### व्यापार और रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देंगे भारत-वियतनाम

**हनोई, भाषा।** विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने आज वियतनाम के विदेश मंत्री पाम बिन मिन के साथ बातचीत की और दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, समुद्री सुरक्षा और रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। स्वराज दो देशों की यात्रा के पहले चरण में वियतनाम आयी हुई हैं। यहां से वह कंबोडिया जाएंगी। स्वराज आसियान के इन दो प्रमुख देशों के साथ भारत के कूटनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने के लिहाज से चार दिन की यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया, ''अपनी विस्तृत रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ बनाते हुए विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और वियतनाम के विदेश मंत्री पाम बिन मिन ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की जहां व्यापार, निवेश, समुद्री सुरक्षा और रक्षा सहयोग पर चर्चा हुई।'' वियतनाम के विदेश मंत्री के साथ स्वराज ने संयुक्त आयोग की 16वीं बैठक की सह-अध्यक्षता भी की।

### रद्द हुई पोम्पेओ की उ. कोरिया यात्रा

**वाशिंगटन, रायटर।** अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पेओ की उत्तर कोरिया यात्रा को उत्तर कोरिया से एक पत्र के बाद रद्द किया गया जिससे उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण के अमेरिकी प्रयासों को झटका लगा। वाशिंगटन पोस्ट में सोमवार को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने पिछले सप्ताह ही विदेश मंत्री के उत्तर कोरिया दौरे की घोषणा की थी लेकिन इसके कुछ घंटे बाद ही उत्तर कोरिया की सत्तारुढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष किम योंग चोल का पत्र प्राप्त होने के बाद इस यात्रा को रद्द कर दिया। श्री चोल ने ही पिछली बार श्री पोम्पेओ के साथ हुई वार्ता में उत्तर कोरिया का नेतृत्व किया था।

पत्र में क्या लिखा था यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन इसमें ऐसा कुछ आवश्य लिखा था जिसके कारण श्री पोम्पेओ को उत्तर कोरिया यात्रा रद्द करनी पड़ी।

## चीन ने की रोहिंग्या मुद्दे के राजनैतिक समाधान की मांग

कहा, 'एकतरफा आरोप' काम नहीं करेगा।

**बीजिंग ■ भाषा**

म्यांमा के सैन्य शासक का समर्थन करने वाले चीन ने रोहिंग्या मुद्दे के राजनैतिक समाधान की आज मांग की। उसने कहा कि 'एकतरफा आरोप और दबाव' काम नहीं करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय का यह बयान संयुक्त राष्ट्र के जांच अधिकारियों के सेना प्रमुख समेत म्यांमा के शीर्ष सैन्य नेताओं के खिलाफ देश में रोहिंग्या मुसलमानों के नरसंहार के लिये मुकदमा चलाने की मांग किये जाने के एक दिन बाद आया है। सेना के पिछले साल रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के बाद तकरीबन सात लाख रोहिंग्या मुसलमान म्यांमा के उत्तरी रखाइन प्रांत से भागकर बांग्लादेश चले गए थे। सैनिकों और उग्र भीड़ द्वारा आगजनी, हत्या और महिलाओं से बलात्कार किये जाने की खबरें आई थीं। म्यांमा मूलतः बौद्ध देश है। उसने जातीय सफाये के आरोपों का खंडन किया है। संयुक्त राष्ट्र जांच अधिकारियों की सिफारिश पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने संवाददाताओं से कहा कि मुद्दे का समाधान करने के लिये राजनैतिक हल ढूंढने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''रखाइन प्रांत का इतिहास, धर्म और जातीय समूह के मामले में जटिल पृष्ठभूमि है। हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश और म्यांमा अधिक संवाद करेंगे और रखाइन प्रांत में शांति, स्थिरता और खुशहाली में योगदान करेंगे।''

## मर्केल और ट्रंप ने सीरिया संकट पर की बात

**बर्लिन, रायटर।** जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर हुई बातचीत में सीरिया संकट विशेषकर इदलिब क्षेत्र के आसपास की मानवीय स्थिति पर चिंता जाहिर की। जर्मनी की चांसलर और अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता सारा सैंडर्स ने कहा, 'दोनों नेताओं ने इदलिब प्रांत में मानवीय संकट को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।' जर्मनी की चांसलर के प्रवक्ता स्टेफन सेबर्ट ने कहा, 'रूस से मांग की गयी है कि वह सीरिया सरकार के साथ नरमी से पेश आए और तनाव को और अधिक बढ़ने से रोके।' सेबर्ट ने कहा कि दोनों नेताओं ने यूक्रेन, पश्चिमी बाल्कन क्षेत्र और व्यापार के मुद्दों पर भी बातचीत की। दोनों नेताओं ने पूर्वी यूक्रेन में जारी संघर्ष का समाधान करने के नये प्रयासों पर जोर देने की बात कही। रूस समर्थित सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद सरकार का कहना है कि उसका लक्ष्य इदलिब के विद्रोहियों के कब्जे वाले क्षेत्रों को मुक्त करवाना है। यहां आम नागरिक और शरणार्थियों के अलावा दूसरे क्षेत्रों से विस्थापित विद्रोही तथा जिहादी ताकतें भी सक्रिय हैं।

## वेनेजुएला के साथ बातचीत करने की स्पेन ने प्रतिबद्धता दोहराई

**लीमा ■ रायटर**

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा है कि वेनेजुएला के मौजूदा आर्थिक और राजनीतिक संकट को सुलझाने के लिए उनका देश बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है और वह भी वहां के हालातों को लेकर काफी चिंतित है। जून में प्रधानमंत्री का पद भार संभालने के बाद लातिन अमेरिका देशों का पहला दौरा कर रहे श्री सांचेज ने चिली के राष्ट्रपति सेबेस्टियन पिनारा के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा 'वेनेजुएला का संकट काफी समय से पनप रहा था और हम इसे लेकर काफी चिंतित हैं और हम इस बात को भी स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का हमारा कोई इरादा भी नहीं है।'

उन्होंने कहा 'वेनेजुएला को बातचीत की शुरूआत खुद ही करनी है ताकि इस राजनीतिक संकट का समाधान निकाला जा सके और इस बातचीत में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी हिस्सा लेना होगा। हमारा वादा है कि अगर इस दिशा में कोई कदम उठाया जाता है तो हमारी भूमिका काफी सक्रिय होगी।' लातिन अमेरिकी देशों चिली, पेरू, मैक्सिको, अर्जेंटीना और ब्राजील ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से देश में लोकतांत्रिक सुधारों को शुरू करने और अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता स्वीकार करने का आग्रह किया है ताकि इन देशों में वेनेजुएला के नागरिकों के आने के सिलसिले को रोका जा सके। संयुक्त राष्ट्र ने शुक्रवार को वेनेजुएला की स्थिति पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा था कि वहां के हालात संकट जैसी स्थितियों में तब्दील हो रहे हैं। वेनेजुएला के नागरिकों के बढ़ते प्रवास को देखते हुए इक्वाडोर तथा पेरू ने अपने यहां प्रवेश संबंधी नियमों को काफी कड़ा कर दिया है और ब्राजील में गुस्साए लोगों की भीड़ ने तो इन लोगों को सीमा से बाहर धकेल दिया था।

कारपोरेट हलचल / कंपनियां / बैंक

# सेंसेक्स 39 हजारी होने को बेताव

## सेंसेक्स 202 अंक चढ़कर 38,896 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर, निफ्टी भी 11,738 अंक के नये शिखर पर।

**मुंबई ■ वार्ता**

वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और स्थानीय स्तर पर मजबूत निवेश धारणा के दम पर घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुँचने में कामयाब रहे।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 202.52 अंक यानी 0.52 प्रतिशत चढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 38,896.63 अंक पर पहुँच गया। कारोबार के दौरान इसने 38,938.91 अंक के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को भी छुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 11,760.20 अंक के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर से होता हुआ गत दिवस की तुलना में 46.55 अंक यानी 0.40 प्रतिशत ऊपर 11,738.50 अंक पर बंद हुआ। धातु और ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा पैसा लगाया। इससे वेदांता, अदानी पोर्ट्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े और ये सेंसेक्स में मुनाफा कमाने वाली तीन शीर्ष कंपनियाँ रहीं। एचडीएफसी तथा एचडीएफसी बैंक को छोड़कर बैंकिंग तथा वित्तीय क्षेत्र की सेंसेक्स की ज्यादातर कंपनियाँ दबाव में रहीं। यस बैंक के शेयर तीन प्रतिशत भारतीय स्टेट बैंक के एक फीसदी से ज्यादा लुढ़के। मजबूत वैश्विक संकेतों से सेंसेक्स 120.65 अंक चढ़कर 38,814.76 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। कारोबार के दौरान 38,938.91 अंक के उच्चतम और 38,760.58 अंक के दिवस के निचले स्तर से होता हुआ यह सोमवार की तुलना में 202.52 अंक ऊपर 38,896.63 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर हरे और शेष 13 के लाल निशान में रहे।

निफ्टी 40 अंक की बढ़त में 11,731.95 अंक पर खुला और पूरे दिन 11,700 अंक से ऊपर बना रहा। हालाँकि, इसकी तेजी सेंसेक्स की तुलना में कम रही। कारोबार के दौरान 11,760.20 अंक के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर और 11,710.50 अंक के दिवस के निचले स्तर से होता हुआ यह गत दिवस के मुकाबले 46.55 अंक चढ़कर 11,738.50 अंक पर बंद हुआ।

विदेशों में शेयर बाजारों में तेजी रही। एशिया में जापान का निक्की 0.06 प्रतिशत चढ़कर डेढ़ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया।

## आंध्र में वाईफाई सेवाएं शुरू करेगी गूगल स्टेशन

**नई दिल्ली, भाषा।** गूगल ने करीब 12,000 गांवों तक गूगल स्टेशन पहुंचाने के लिए आंध्र प्रदेश स्टेट फाइबरनेट लि. (एपीएसएफएनएल) से हाथ मिलाया है। इस कदम से करीब एक करोड़ लोगों को इंटरनेट तक पहुंच उपलब्ध कराई जा सकेगी। इसके अलावा अपने डिजिटल भुगतान एप को देश में ज्यादा से ज्यादा आनलाइन और खुदरा दुकानदारों तक ले जाने के प्रयासों के तहत कंपनी ने 'तेज' को नए सिरे से 'गूगल प्ले' के रूप में ब्रांड किया है। गूगल के महाप्रबंधक (नेक्स्ट बिलियन यूजर्स इनिशिएटिव एंड पेमेंट्स) सीजर सेनगुप्ता ने कहा, ''हम गूगल स्टेशन को कई अन्य देशों मसलन इंडोनेशिया, नाइजीरिया, थाइलैंड और मेक्सिको लेकर गए हैं।

### बिजनेस सुर्खियां

### रुपया पांच पैसे सुधरा

**मुंबई, वार्ता।** दुनिया की अन्य मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर पड़ने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पाँच पैसे सुधरकर 70.10 रुपये प्रति डॉलर पर पहुँच गया।

भारतीय मुद्रा सोमवार को 24 पैसे लुढ़ककर 70.15 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी।

रुपये की शुरुआत मंगलवार को नौ पैसे की बढ़त में 70.06 रुपये प्रति डॉलर पर हुई। आरंभिक कारोबार के दौरान हालांकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के मजबूत रहने से रुपये पर दबाव पड़ा और यह 70.29 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के निचले स्तर तक लुढ़क गया। बाद में डॉलर के सूचकांक में गिरावट आने से भारतीय मुद्रा को बल मिला और अंततः यह सोमवार की तुलना में पाँच पैसे की मजबूती के साथ 70.10 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई। कारोबार के दौरान इसका उच्चतम स्तर 70.05 रुपये प्रति डॉलर रहा।

### सोना डेढ़ सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली, वार्ता।** विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में आयी तेजी से आज दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 150 रुपये चमककर डेढ़ महीने से ज्यादा के उच्चतम स्तर 31,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया। सोने में लगातार चौथे कारोबारी दिवस तेजी देखी गयी है। चाँदी भी लगातार तीसरे दिन चमकती हुई 170 रुपये की बढ़त में दो सप्ताह के अधिकतम स्तर 38,470 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना हाजिर 7.60 डॉलर चढ़कर 1,213.25 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा 3.20 डॉलर की बढ़त में 1,219.20 डॉलर प्रति औंस बोला गया। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि शुरुआती कारोबार के दौरान दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के मजबूत रहने से सोने पर दबाव था।

# जेट एयरवेज को 1,323 करोड़ रुपये का नुकसान




**मुंबई ■ वार्ता**

विमान ईंधन की बढ़ी कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपये में आयी गिरावट से देश की दूसरी सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी जेट एयरवेज को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1,323 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसने 53.50 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफ कमाया था। कंपनी के निदेशक मंडल की आज यहाँ हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी गयी। परिणामों के अनुसार 30 जून को समाप्त तिमाही में विमान ईंधन के मद में कंपनी का कुल खर्च 53.03 प्रतिशत बढ़कर 2,332.49 करोड़ रुपये पर पहुँच गया। पिछले साल की समान तिमाही में इस मद में उसका खर्च 1,524.17 करोड़ रुपये था। विमानों तथा इंजनों के किराये, कर्मचारियों के वेतन-भत्तों, पूँजी लागत आदि मदों में भी उसका खर्च बढ़ा है। उसका कुल व्यय 25.24 प्रतिशत बढ़कर 7,389.91 करोड़ रुपये पर पहुँच गया। पिछले साल 30 जून को समाप्त तिमाही में कुल व्यय 5900.42 करोड़ रुपये रहा था।

आलोच्य तिमाही में कंपनी की आमदनी में मामूली वृद्धि हुई है। यह एक साल पहले के 5,953.92 करोड़ रुपये से 1.90 प्रतिशत बढ़कर 6,066.91 करोड़ रुपये पर पहुँच गयी। डॉलर की तुलना में रुपये के कमजोर पड़ने से कंपनी को पहली तिमाही में 364.62 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में इस मद में उसे 16.71 करोड़ रुपये का फायदा हुआ था। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय दूबे ने परिणामों पर प्रतिक्रया देते हुये कहा 'ब्रेंट ईंधन के दाम बढ़ने, रुपये की गिरावट और ईंधन की ऊँची कीमतों और कम किराये की विसंगति से भारतीय विमानन क्षेत्र पर बेहद प्रतिकूल असर पड़ा है। हम लागत कम करने और राजस्व बढ़ाने के लिए कई उपाय कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि हम चुनौतियों से निपटने में सक्षम होंगे।₹ वित्तीय संकट से जूझ रही कंपनी के परिणाम पहले 09 अगस्त को घोषित होने थे, लेकिन इसकी घोषणा 27 अगस्त तक के लिए टाल दी गयी थी। शेयर बाजार में पंजीकृत तीन विमान सेवा कंपनियों में यह दूसरी है जिसे पहली तिमाही में नुकसान हुआ है। किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइस जेट को 38.06 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

## वेदांता को 41, ओआईएल को नौ तथा ओएनजीसी को दो ब्लाक मिले

**नई दिल्ली।** खनन क्षेत्र की दिग्गज अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता लि. को देश में पहली खुली नीलामी में पेशकश किये गये 55 में से 41 तेल एवं गैस खोज ब्लाक मिले हैं। खोज एवं उत्पादन नियामक डीजीएच ने आज यह कहा। सार्वजनिक क्षेत्र की आयल इंडिया (ओआईएल) को नौ ब्लाक मिले जबकि आयल एंड नेचुरल गैस कारपोरेशन (ओएनजीसी) को केवल दो ब्लाक प्राप्त हुये हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की गेल, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लि. की खोज एवं उत्पादन इकाई तथा हिंदुस्तान आयल एक्सप्लोरेशन कंपनी (एचओईसी) को एक-एक ब्लाक मिले। डीजीएच ने खुला क्षेत्र लाइसेंस नीति (ओएएलपी) चरण-1 के विजेताओं की सूची जारी करते हुए यह बात कही।

वेदांता ने सभी 55 ब्लाक के लिये बोली लगायी। कंपनी ने इसमें से 41 ब्लाक हासिल किये।

अग्रवाल ने कहा, ''हम इस अवसर का लाभ उठाने के लिये कठिन मेहनत करेंगे। हमारे देश में ऊर्जा की कमी है और ओएएलपी जैसी नीतियां देश की आयात पर निर्भरता कम करेंगी। देश अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत आयात करता है जो प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के मुताबिक 2022 तक घटकर 67 प्रतिशत पर आ जाएगी।''

उन्होंने कहा, ''इससे हमारा भारत में निवेश और घरेलू कच्चे तेल उत्पादन में 50 प्रतिशत योगदान का दृष्टिकोण मजबूत होगा...।''

दो मई को बोली समापन के दिन ओएनजीसी ने 37 ब्लाक के लिये स्वयं से या अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के साथ मिलकर बोली लगायी थी। ओआईएल ने इसी तरह 22 ब्लाक के लिये बोली लगायी थी। वेदांता दो ब्लाक के लिये एकमात्र बोलीदाता थी और न तो ओएनजीसी और न ही ओआईएल अन्य ब्लाक में सीधे तौर पर प्रतिस्पर्धी थी। इस नीलामी में न तो रिलांयस इंडस्ट्रीज और न ही विदेशी कंपनियों ने नीलामी में हिस्सा लिया।

इस नीति के तहत कंपनियों को तेल एवं गैस की संभावना वाले उन क्षेत्रों के लिये रूचि पत्र देने की अनुमति है जहां कोई उत्पादन या खोज लाइसेंस नहीं दिये गये हैं।

Genus
energizing lives

**GENUS PAPER & BOARDS LIMITED**

**(CIN: L21098UP2012PLC048300)**
**Regd. Office: Vill. Aghwanpur, Kanth Road, Moradabad-244001 (U.P.)**
**Phone: 0591-2511171, Fax: 0591-2511242, Website: www.genuspaper.com, Email: cs@genuspaper.com**

**NOTICE OF 07TH ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND E-VOTING**

**Shareholders are hereby informed that:-**

The 07th Annual General Meeting (AGM) of Company will be held on **Saturday, 22nd day of September, 2018 at 10.00 a.m.** at Village Aghwanpur, Kanth Road, Moradabad-244001, Uttar Pradesh.

Pursuant to applicable provisions of the Companies Act, 2013 and the relevant Regulations of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company shall remain closed from Monday, September 17, 2018 to Saturday, September 22, 2018 (both days inclusive) for the purpose of AGM.

Copies of the Annual Report for the Financial Year 2017-18 and Notice of 07th AGM containing e-voting procedure and other documents have been e-mailed /dispatched to all members of the Company whose names appear in the Register of Members / Depositories as on Cut-off date i.e. August 10, 2018. The Company has completed the dispatch/email of Notice of 07th AGM and Annual Report 2017-18 upto August 28, 2018.

In terms of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company is pleased to provide the e-voting facility to its members to cast their votes electronically from a place other than venue of the AGM ("remote e-voting") and the businesses as set out in the Notice may be transacted through e-Voting Services provided by Central Depository Services (India) Limited (CDSL). E-voting is optional and a member may physically vote at the Annual General Meeting at their discretion.

The remote e-voting will start on Wednesday, September 19, 2018 at 09.00 A.M. and end on Friday, September 21, 2018 at 5.00 P.M. The e-voting module will be disabled by CDSL thereafter. The detailed procedure for e-voting is given in the said Notice.

Members whose names are recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the Cut-off date of September 15, 2018, shall be entitled to avail the facility of remote e-voting or voting at the AGM.

A person who became member of the Company after the dispatch of the Notice of AGM and holding shares as on the Cut off date i.e. September 15, 2018, shall be entitled to exercise his/ her vote either electronically i.e. remote e-voting or through the Poll Paper at the AGM. You may send a request at **cs@genuspaper.com** by mentioning their Folio No. / DP ID and Client ID No to obtain the Log-in ID and Password for e-voting. However, if you are already registered with CDSL for remote e-voting then you can use your existing user ID and password for casting your vote.

Members have also an option to cast their vote through ballot paper by attending the AGM. Members can opt for only one mode of voting. The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the meeting may also attend the meeting but shall not be entitled to cast their vote again.

Notice of 07th AGM and Annual Report 2017-18 are also available on Company website **www.genuspaper.com** and CDSL website **www.evotingindia.com.**

The Company has appointed Ms. Komal Ahuja (ACS-48168 / COP No-17597), Practicing Company Secretary, (Prop. of M/s Komal & Associates, New Delhi) to act as Scrutinizer for conducting the remote e-voting and voting through Poll Paper at the AGM, in a fair and transparent manner.

For any queries or issues relating to e-voting facility, Shareholders are requested to contact Mr. Anuj Ahluwalia, Company Secretary of the Company at **Email: cs@genuspaper.com**, Ph.: 0591-2511171.

**For Genus Paper & Boards Limited**
**Sd/-**
**Anuj Ahluwalia**
**Company Secretary**

**Place: Moradabad**
**Date: August 28, 2018**